वेबिनार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज 'आर्थिक विकास को सतत और सुदृढ़ बनाने' के विषय पर आयोजित वेबिनार को संबोधित किया। श्री मोदी ने कहा कि मजबूत अर्थव्यवस्था के दम पर भारत आज दुनिया के लिए आशा की किरण बना हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि तेज आर्थिक विकास विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने का आधार है। उन्होंने कहा कि सरकार का फोकस अधिक निर्माण, अधिक उत्पादन, बेहतर कनेक्टिविटी और निर्यात बढ़ाने पर है।

महंगाई भत्ते

राज्य सरकार ने होली से पहले कर्मचारियों और पेंशनरों को राहत देते हुए महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी की है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने राज्य कर्मचारियों के डीए में 3 प्रतिशत इजाफा करने की घोषणा की। इससे करीब 7.5 लाख कर्मचारी और लगभग 4.5 लाख पेंशनर्स लाभान्वित होंगे। बढ़ी हुई राशि का एरियर मई महीने से छह किस्तों में दिया जाएगा।

होली उत्सव

प्रदेश में होलिका दहन के साथ होली उत्सव की शुरुआत हो गई है। हालांकि चंद्र ग्रहण के कारण अधिकतर जगहों पर रंग खेलने के कार्यक्रम आज आयोजित नहीं किए जा रहे हैं। ज्यादातर जगहों पर चंद्र ग्रहण समाप्त होने के बाद रंग-गुलाल के साथ होली मनाई जाएगी। त्योहार को देखते हुए प्रदेश में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

विश्व वन्यजीव दिवस

विश्व वन्यजीव दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा ने कहा कि दुनिया के 70 प्रतिशत से अधिक बाघ भारत में पाए जाते हैं, साथ ही एक सींग वाले गैंडे और एशियाई हाथियों की

सबसे बड़ी संख्या भी देश में है। वहीं मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में वन्यजीवों के संरक्षण और संवर्धन के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि संतुलित और टिकाऊ जैव विविधता को मजबूत किया जा सके।

<u>नाविक मौत</u>

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच विदेशी जहाज़ों पर काम कर रहे तीन भारतीय नाविकों की मौत हो गई है, जबकि एक व्यक्ति घायल हुआ है। यह जानकारी नौवहन महानिदेशालय ने दी है। महानिदेशालय का कहना है कि प्रभावित नाविकों और उनके परिवारों को जरूरी सहायता दी जा रही है।

<u>परीक्षा</u>

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड यानी सीबीएसई ने पश्चिम एशिया के कुछ देशों में 5 और 6 मार्च को होने वाली 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं टाल दी हैं। बोर्ड का कहना है कि बहरीन, ईरान, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात में मौजूदा हालात को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। नई परीक्षा तिथियां बाद में घोषित की जाएंगी।

<u>हादसा</u>

बैतूल में रात करीब 3 बजे इटारसी रोड स्थित बसंत पेट्रोल पंप के पास एक कार खड़ी क्रेन से टकरा गई। हादसे में तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक गंभीर घायल को नागपुर रेफर किया गया है। एक अन्य घायल का जिला अस्पताल में इलाज जारी है। एसडीओपी सुनील लाटा के अनुसार, पांच दोस्त खाना खाकर कार से लौट रहे थे, तभी यह दुर्घटना हुई।

मौसम

प्रदेश में इस बार लू का असर अप्रैल और मई में देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग के अनुसार, 1 मार्च से गर्मी का मौसम शुरू हो गया है और कई शहरों में पारा 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। पश्चिमी विक्षोभ और चक्रवाती प्रभाव के कारण भोपाल, इंदौर और ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में हल्की बारिश के आसार हैं।

समाचार संक्षेप में :-

- इंदौर में कल सीवर टैंक में सफाई करने उतरे दो निगम कर्मचारियों की दम घुटने से मौत हो गई। मुख्यमंत्री ने दोनो मृतकों के परिजनों को 30– 30 लाख रूपये की सहायता राशि प्रदान करने के निर्देश दिये है।
- आगरमालवा के शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय की एनएसएस इकाई के 7 दिवसीय विशेष शिविर का कल समापन हुआ।

और

- झाबुआ में आयोजित विशेष शिविर में दिव्यांग पुनर्वास केंद्र और जिला अस्पताल में कुल 29 मानसिक दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाए गए।